मोबाइल निर्यात में यूपी देश का नंबर-एक राज्य बना

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

मोबाइल फोन के निर्यात में उत्तर प्रदेश ने इतिहास रच दिया। महज तीन साल में यूपी से मोबाइल फोन का निर्यात 775 करोड़ रुपए बढ़कर करीब 20 हजार करोड़ रुपए हो गया। इसी के साथ उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश का नंबर वन राज्य बन गया है।

इतना ही नहीं देशभर से होने वाले कुल मोबाइल फोन एक्सपोर्ट के लगभग 60 फीसदी हिस्सा यूपी के पास है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन डाटा संग्रह करने वाली संस्था डायरेक्टर जनरल आफ कामर्स इंटेलिजेंस एंड स्टैटिस्टिक्स की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है।

36 महीने में 25 गुना बढ़ गया एक्सपोर्ट

मोबाइल फोन एक्सपोर्ट में महाराष्ट्र का दबदबा था जिस पर अब यूपी काबिज है। केवल 36 महीने के अंदर मोबाइल फोन में निर्यात 25 गुना बढ़ गया। फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन के मुख्य सलाहकार सलाहकार वाईएस गर्ग ने कहा कि ये कारनामा सिंगल विंडो सिस्टम व नई औद्योगिक नीति से संभव हुआ।